तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 21 मई 2026




13 बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन...



14 भाजपा के दो दिनी जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन...



# बालोद में हाईटेक डायल-112 इमरजेंसी रिस्पांसव्हीकल का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद**

## अब एक नंबर पर मिलेगी सभी आपात सेवाएं





छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी डायल 112 योजना के अंतर्गत बालोद जिले में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हाईटेक डायल–112 ईमरजेंसी रिस्पॉस वेहिकल वाहनों का शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में इन आधुनिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर उनके निर्धारित थाना क्षेत्रें के लिए रवाना किया गया।

एक्के नंबर सबो बर 112 का अर्थ है कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति चाहे वह दुर्घटना हो, अपराध, विवाद, महिला सुरक्षा या चिकित्सा सहायता हर स्थिति में केवल एक ही नंबर 112 डायल करना है। अलग–अलग सेवाओं के लिए अलग नंबर लगाने की आवश्यकता नहीं है। एक नंबर 112 से सभी आपात सेवाएं उपलब्ध होंगी। इन हाईटेक वाहनों में आधुनिक संचार प्रणाली, जीपीएय ट्रैकिंग सिस्टम, वायरलेस नेटवर्क एवं त्वरित रिस्पांस सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे सड़क दुर्घटना, महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण, विवाद, चिकित्सा आपात स्थिति एवं अन्य आकस्मिक घटनाओं में कम समय में सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी।

डायल–112 योजना के तहत बालोद पुलिस द्वारा शहर क्षेत्रें में 10 मिनट एवं ग्रामीण क्षेत्रें में 30 मिनट के भीतर रिस्पांस देने ▸▸ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### ट्रक और हाइवा में जोरदार भिड़ंत



**बालोद/कलंगपुर।** बुधवार की सुबह एक ट्रक विपरीत दिशा से आ रही खाली हाईवा को जोरदार ठोकर मारते हुए सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। घटना बुधवार 20 मई की सुबह लगभग 5 बजे की बताई जा रही है। जहां गुण्डरदेही धमतरी मुख्य मार्ग में ग्राम खलारी के शासकीय आईटीआई के समीप जगदलपुर से चांवल भरकर आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 21 जे 1894 ने विपरीत दिशा से आ रही हाईवा क्रमांक सीजी 04 जी 6585 को जोरदार ठोकर मारते हुए सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई, घटना में ट्रक चालक स्टेरिंग में बुरी तरह से फंस गया और ट्रक के सामने हिस्सा पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, स्टेरिंग में फसे ड्राईवर को घटना मौके पर पहुंची गुण्डरदेही पुलिस टीम एवं एम्बुलेंस 108 के कर्मचारियों ने बड़ी मशक्कत से बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुण्डरदेही पहुंचाया। साथ ही इस घटना में खाली हाईवा जो कि रेत भरने के लिए धमतरी तरफ जा रही थी के चालक परिचालक को मामूली चोंटे आई।

### बाइक की भिड़ंत में दो घायल



**डौंडीलोहारा।** नगर के संजय नगर क्षेत्र में मंगलवार देर शाम दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कापसी निवासी जितेंद्र कुमार (35 वर्ष), जो मंगचुआ शराब दुकान में मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं, ड्यूटी समाप्त होने के बाद बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। वहीं बड़े जुंगेरा निवासी इंद्रजीत नेताम (30 वर्ष) डौंडीलोहारा से अपने गांव बड़े जुंगेरा जा रहे थे। इसी दौरान संजय नगर क्षेत्र के पास दोनों मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर काफी तेज थी, जिससे दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और उनके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद पहुंचाई और एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल दोनों का इलाज ▸▸ शेष पेज 12 पर

## मांग : सिर्फ व्यापार नहीं, जनता के स्वास्थ्य की लड़ाई

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में दल्लीराजहरा के सभी मेडिकल स्टोर बंद, दवा व्यापारियों का बड़ा संदेश

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा**

देशव्यापी आह्वान के तहत बुधवार 20 मई 2026 को दल्लीराजहरा शहर के सभी मेडिकल स्टोर्स पूरी तरह बंद रहे।

- दल्लीराजहरा में दिनभर बंद रहे मेडिकल स्टोर

यह बंद ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश सहित देशभर के दवा व्यापारियों ने भाग लिया। दल्लीराजहरा शहर में दिनभर मेडिकल दुकानों के शटर बंद नजर आए और दवा व्यापारियों ने ऑनलाइन दवा बिक्री व्यवस्था के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। बुधवार को ▸▸ शेष पेज 10 पर





### छूट के लालच में स्वास्थ्य से खिलवाड़ न करें

दवा विक्रेताओं ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि केवल अधिक छूट और सस्ते दाम के आकर्षण में आकर अपने स्वास्थ्य के साथ जोखिम न लें। विश्वसनीय और नजदीकी मेडिकल स्टोर्स से ही दवाइयां खरीदें, ताकि सही दवा, सही सलाह और सुरक्षित उपचार सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि स्थानीय मेडिकल स्टोर सिर्फ व्यापार का माध्यम नहीं, बल्कि हर आपात स्थिति में जनता के साथ खड़ा रहने वाला स्वास्थ्य सहयोगी है। इसलिए सुरक्षित और प्रमाणिक दवाइयों के लिए स्थानीय दवा विक्रेताओं पर भरोसा बनाए रखना बेहद जरूरी है।

### ऑनलाइन दवाइयों पर उठे बड़े सवाल

व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन माध्यम से खरीदी गई दवाइयों की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था, तापमान नियंत्रण और वास्तविक स्रोत की जानकारी आम उपभोक्ता के लिए जांच पाना लगभग असंभव होता है। इसी का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व नकली, गलत अथवा एक्सपायरी दवाइयों को बाजार तक पहुंचा देते हैं, जिससे मरीजों की जान तक खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर स्थानीय मेडिकल स्टोर्स तक दवाइयाँ एक नियंत्रित और लाइसेंस आधारित आपूर्ति श्रृंखला के माध्यम से पहुंचती हैं। दवा कंपनियों, अधिकृत वितरकों और लाइसेंसधारी फार्मासिस्ट की निगरानी में मरीजों को दवाइयाँ उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे सुरक्षित और प्रमाणिक दवा मिलने की संभावना अधिक रहती है।

## ऑनलाइन फार्मेसी के विरोध में जिलेभर की मेडिकल दुकानें बंद



**बालोद।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा ऑनलाईन फार्मेसी के विरोध में 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद करने की घोशणा की गई थी। जिले में भी बुधवार को सभी मेडिकल दुकानो को बंद रखा गया था। जिसके चलते जिले के दवाई दुकाने सुबह से शाम तक बंद रही।

- ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोग होते रहे परेशान

जिले के मेडिकल स्टोर्स संचालको द्वारा किए गए बंद के कारण कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र के लोग जिन्हे इसकी जानकारी नही थी वे एक दुकान से दूसरे दुकान इस आस में घुमते दिखे कि कोई ना कोई दुकान खुला होगा, लेकिन मेडिकल स्टोर्स के आस पास के दुकानदारो से पूछने पर कई लोगो को जानकारी हुआ कि मेडिकल स्टोर्स का आज हड़तान की वजह से बंद है।

इस दौरान कई जिनका स्वास्थ खराब था तथा उन्हे ईलाज की जरूरत थी वे शासकीय अस्पतालो में पहुंचकर डॉक्टरो की सलाह पर शासकीय अस्पतालो में स्थित शासकीय दवाई दुकानो से दवाई लेकर काम चलाते दिखे।

वही कई लोग जिन्हे बुधवार को दवाई दुकान बंद होने की सूचना पर पहले से मेडिकल में पहुंचकर आवश्यक दवाई खरीदते दिखे थे। ताकि उन्हे किसी प्रकार के दिक्कतो का सामना ना करना पड़े।

# देश के टॉप 100 डीएम में शामिल हुईं बालोद कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद**

देश के कुल 800 जिलों में किए गए 'फेम इंडिया और एशिया पोस्ट एजेंसी' के राष्ट्रीय सर्वे में बालोद

- बेहतर प्रशासन और जनसेवा के लिए मिला सम्मान
- अधिकारियों–कर्मचारियों ने दी बधाई, राष्ट्रीय सर्वे में बालोद कलेक्टर को मिली बड़ी उपलब्धि

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने अपनी प्रशासनिक क्षमता का लोहा मनवाते हुए देश के 100 सर्वश्रेष्ठ जिला मजिस्ट्रेटों डीएम की सूची में शामिल हुई है। कलेक्टर मिश्रा ने देश के टॉप 100 के साथ ही छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया है।

यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें बेहतरीन गवर्नेंस, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, नवाचार, संकट प्रबंधन और जनता के प्रति उनकी संवेदनशीलता जैसे 10 कड़े मानकों पर जमीनी स्तर से मिले शानदार जनमत के आधार पर दिया गया है। संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज कलेक्टर मिश्रा को सभी उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर मिश्रा ने जिले को मिले इस उपलब्धि का श्रेय जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को दी। उन्होंने कहा कि जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों ने अपने दायित्वों का निर्वहन, पूरी लगन, प्रतिबद्धता एवं ईमानदारी के साथ करते हुए जिले में शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया है।

जिसके फलस्वरूप मुझे यह उपलब्धि हासिल हो सका है। इसके लिए उन्होंने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

### राहुद और संजारी में आज जनसमस्या निवारण शिविर

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम राहुद एवं डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के संजारी में 21 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहुद में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम भाठागांव आर, रनचिरई, जरवाय, जोरातराई, मुंदेरा, खलारी, खुटेरी, भटगांव, डोंगीतराई, किलेपार, परसाही, रूदा, तवेरा, राहुद ▸▸ शेष पेज 12 पर







## खबर संक्षेप

### उर्सपाक के दौरान नो एंट्री में घुसा ट्रक, नशेड़ी ट्रक चालक पर कार्रवाई

**भिलाई।** उर्सपाक कार्यक्रम के दौरान पटेल चौक एवं दुर्ग शहर क्षेत्र में भीड़भाड़ की स्थिति थी। तभी ट्रक सीजी 08 डब्लू 9777 के चालक खुज्जी राजनांदगांव निवासी दिनेश कुमार ट्रक को लापरवाही एवं खतरनाक तरीके से चलाते हुए नो एंट्री में प्रवेश किया, जो मालवीय नगर, राजेंद्र पार्क चौक, बस स्टैंड होते हुए उतई तिराहा तक लेकर गया। ड्यूटी में तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों द्वारा वाहनों को रोकने का प्रयास किया गया। चालक वाहन नहीं रोक रहा था। ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा पीछा कर वाहन को सुरक्षित रुकवाया गया। चालक का ब्रेथ एनालाइजर मशीन से परीक्षण करने पर उसके द्वारा शराब सेवन पाया गया। उक्त चालक के खिलाफ मोटरयान अधिनियम की धारा 185,अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत कार्रवाई किया गया। 18 मई को सीजेएम न्यायालय दुर्ग द्वारा चालक पर 22 हजार रुपए का जुर्माना किया है। दो दिन पूर्व भी नशे की हालत में भारी वाहन चलाते पाए गए चालक पर न्यायालय ने 32 हजार रुपए का चालान किया।

### हमर क्लीनिक में समस्याओं का होगा निराकरण



**दुर्ग।** आईएचएसडीपी आवास उरला में प्रति बुधवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक हमर क्लीनिक के अंतर्गत हेल्थ चेकअप किया जा रहा है। इस दौरान अब दुर्ग निगम की जुड़ी शिकायतें भी की जा सकेंगी। हंसराज नवयुवक मंडल के कार्यकर्ताओं ने इस विषय को लेकर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल से मुलाकात की। इसके बाद आयुक्त के निर्देश पर यह व्यवस्था की गई है। समाजसेवी जयवर्धन ने बताया कि आईएचएसडीपी कालोनी उरला वार्ड 58 के हमर क्लीनिक में संचालित निगम के अस्थाई जोन कार्यालय में राशनकार्ड, पेंशन व टैक्स से संबंधित सभी प्रकार के कार्य किए जाएंगे। बुधवार 20 मई को भी शिविर लगाया जाएगा, जिसमे क्षेत्र में नियुक्त राजस्व अधिकारी शिवा परिहार व लक्ष्मी शर्मा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करेंगे। संपूर्ण पटरीपार के नागरिकों की आवश्यकता, समस्याओं के निराकरण व सुविधाओं में बढ़ोतरी के उद्देश्य से आईएचएसडीपी कालोनी उरला व दुर्ग में समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल द्वारा जनहित व बेहतर वातावरण निर्माण हेतु विभिन्न विषयों में निरंतर हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

### मकान में चोरी, जेवरात व नगदी समेत सामान बरामद

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर जेवरात, नगदी पार करने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि सड़क नंबर 03, स्मृतिनगर में चोरी की शिकायत हुई थी। पुलिस ने टीम बनाकर विवेचना कर संदेही स्मृति नगर निवासी मनोज सबरी को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया। चोर से एक सोने का लॉकेट, नगदी रकम, 70 विदेशी मुद्रा जब्त किया है।

**आयोजन : हितग्राहियों को वितरित किए गए विभिन्न योजनाओं के लाभ**

# करहीभदर शिविर में 5402 आवेदन प्राप्त, 5275 का मौके पर निराकरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम करहीभदर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में करहीभदर कलस्टर में शामिल आसपास के 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण एवं हितग्राही सम्मिलित हुए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 5402 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से 5275 आवेदनों को मौके पर निराकरण सुनिश्चित किया गया।

शिविर में बालोद विधायक संगीता सिन्हा, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य पूजा साहू, जनपद सदस्य लोकेश डड़सेना एवं कमलेश श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों के द्वारा हितग्राहियों को स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख का वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, दिव्यांग एवं बुजुगोंर् को श्रवण यंत्र एवं बैटरी चलित ट्रायसायकल, नया राशन कार्ड, मत्स्य पालन प्रसार योजना अंतर्गत जाल एवं आईस बॉक्स वितरण, वृद्धा पेंशन का स्वीकृति आदेश के अलावा शासन के अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इसके अलावा शिविर में राज्य शासन के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु मेडिकल बोर्ड लगाया गया था।



इस अवसर अतिथियों ने बाल विवाह को एक सामाजिक अपराध बताते हुए शिविर में उपस्थित लोगों को बाल विवाह के रोकथाम के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई।

शिविर में विधायक संगीता सिन्हा ने आम नागरिकों को शिविर के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। विधायक सिन्हा ने अंचल के प्रमुख मांगों की ओर जिला प्रशासन के आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उनका समुचित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने शिविर में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों से सुशासन तिहार के अंतर्गत आम जनता से प्राप्त आवेदनों का पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने सुशासन तिहार 2026 के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा आम जनता के कल्याण हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। शासन के मंशानुरूप बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले में जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन के मंशानुरूप बालोद जिला प्रशासन सुशासन तिहार के दौरान आम जनता से प्राप्त आवेदनों के समुचित निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान आयोजित होने वाले जनसमसया निवारण शिविरों के पंजीयन काउंटर में आम नागरिक अपने मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। संबंधित विभागों के द्वारा निर्धारित समयावधि में उनका समुचित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

समारोह को जनपद सदस्य लोकेश डड़सेना ने किसानी कार्य के लिए किसानो को डीजल उपलब्ध कराने की मांग की, लोकेश ने कहा वर्तमान में हार्वेस्टर के लिए डीजल की आव"यकता है लेकिन डीजल नही मिलने से किसानी कार्य प्रभावित हो रहा है, लोकेश ने किसानो को पर्याप्त मात्र में खाद प्रदान करने की मांग की।

करहीभदर शिविर में ग्राम अमोरा, मुजगहन, जामगांव, करहीभदर, कन्नेवाड़ा, परेंगुड़ा, सांकरा (क), जमरुआ, मटिया (बी), मुल्लेगुड़ा, मालगांव, नर्रा, बरही, चिरईगोड़ी, जगतरा, परसोदा, देवारभाट, लिमोरा और झलमला सहित 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण जन शामिल हुए थे। शिविर में ग्राम पंचायत करहीभदर के सरपंच बसंत तारम सहित करहीभदर कलस्टर में शामिल ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# राजस्व प्रकरणों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करें अधिकारी : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करना राज्य शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने शासन के मंशानुरूप जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर मिश्रा ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में मिश्रा ने सुशासन पोर्टल के माध्यम से सुशासन तिहार के दौरान आम जनता से प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु राजस्व विभाग के अधिकारियों के द्वारा किए जा रहे कार्यवाही का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मिश्रा ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु की जा रही कार्यवाही के अंतर्गत विवादित नामांतरण एवं अविवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, अवैध वृक्ष कटाई के अलावा ई–कोर्ट के प्रकरणों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने राजस्व अधिकारियों से स्वामित्व योजना के अंतर्गत वितरित किये जाने वाले पट्टों, नक्शा बटांकन एवं डिजिटल हस्ताक्षरित खसरों की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने आधार प्रविष्टि एवं जेंडर तथा डिजिटल किसान किताब वितरण हेतु खातों के डिजिटल हस्ताक्षर के कायोंर् की भी समीक्षा की। बैठक में मिश्रा ने राजस्व अधिकारियों के अलावा कृषि विभाग के उप संचालक से एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन कार्य के प्रगति के संबंध में भी जानकारी ली।

## पंजाब बार में मारपीट, युवकों पर हमला

**भिलाई।** शराब पीने गए युवकों को अज्ञात लोगों ने बियर की बोतल और धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि ज्ञानेश उर्फ आकाश साहू प्रायवेट काम करता है। 18 मई की रात पंजाब बार वैशालीनगर के भीतर बडे भाई आशीष साहू,पप्पू साहू के साथ शराब पीने गये थे। इस दौरान बडा भाई आशीष साहू कुछ समय के लिये पंजाब बार के बाहर गया। जब लौट के भीतर की ओर भागते हुये आया। तब उसके पीछे 3-4 अज्ञात युवक उसे मारते हुए भीतर की ओर आ गए। जिसे बीच बचाव करने पर अज्ञात युवकों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। अज्ञात युवकों ने बियर के कांच की बोतल एवं धारदार हथियार से मारपीट कर पीड़ित पर हमला कर दिया। घटना में आकाश को सिर ,हाथ, बाये पैर, सीना, पीठ और आशीष साहू को बीयर की कांच की बोतल से गले के नीचे, पीठ में हमला कर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना शिकायत पुलिस से किया गया। पुलिस आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाल रही है।

## डीएमएफ मद के कार्यों में जांच की मांग, पूर्व जनपद सदस्य ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी



बालोद जिला के आदिवासी विकासखंड ब्लाक मुख्यालय डौंडी जनपद के ग्राम पंचायत भैसबोड में 18 मई को आयोजित सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर में पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने डौंडी ब्लाक अंतर्गत जिला खनिज संस्थान न्यास मद से स्वीकृत कार्यों की जांच कराकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर ग्राम भैसबोड में बालोद जिला कलेक्टर को सौंपे गए मांगों में आदिवासी विकासखंड डौंडी के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जिला खनिज संस्थान न्यास मद से वित्तीय वर्ष 2020- 21 से वित्तीय वर्ष 2023- 24 तक स्वीकृत कार्य की विभिन्न बिंदुओं में जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की है। अनिल सुथार ने बताया की उपरोक्त कार्यों में व्यापक स्तर पर अनियमितता बरती गई है और फर्जी बिल लगाकर राशि आहरण कर दिया गया है। वही जिला खनिज संस्थान न्यास मद से स्वीकृत कार्यों के संपादन में छत्तीसगढ़ क्रय नियम का पालन नहीं किया गया है। उक्त सभी कार्यों का जनपद पंचायत डौंडी के साधारण सभा/सामान्य प्रशासन समिति में प्रस्ताव प्रेषण, कार्यादेश जारी करने, भुगतान करने, कोई भी प्रस्ताव नहीं किया गया। निर्वाचित जन प्रतिनिधियों के अधिकारो का हनन किया गया। अनिल सुथार ने सवाल किया की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डौंडी को समस्त कार्य करने का एकाधिकार दिया गया है, सहित उपरोक्त समस्त कार्यों की तथ्यात्मक जांच कराकर शासकीय राशि का भ्रष्टाचार करने वाले सभी के ऊपर उचित कार्यवाही किये जाने की मांग की है रोहित माहला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक डोंडी ने बताया की आदिवासी अंचल में जिला खनिज संस्थान न्यास मद से स्वीकृत कार्यों में व्यापक भ्रष्टाचार किया गया। आगामी दिनों में सर्व आदिवासी समाज की बैठक में पुनः डी एम एफ मद के कार्यों की जांच के संबंध में चर्चा कर आंदोलन की रूपरेखा बनाने की जानकारी दी

# 15 दिनी समर कैंप का भव्य समापन, नन्हे कलाकारों और टॉपर विद्यार्थियों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्ली मॉडर्न आर्ट क्लब द्वारा आयोजित 15 दिवसीय "समर कैंप 2026" का भव्य समापन रंगारंग प्रस्तुतियों और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों की कला, आत्मविश्वास और रचनात्मक प्रतिभा ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह में कक्षा 10वीं और 12वीं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को 2026 टॉपर अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में सुमन वर्मा, शुभोश्री आचार्जी, श्रेयांश गुप्ता, मानस अग्रवाल, समृद्धि कसार, पायल वर्मा, अदिति पासवान और यमन कुमार देवांगन शामिल रहे। संस्था ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ये प्रतिभाएं आने वाले समय में शहर और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। साथ ही हाल ही में पाइपलाइन कार्य के दौरान जान गंवाने वाले मजदूरों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। इसके बाद राज्य गीत "अरपा पैरी के धार" की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भावनात्मक और सांस्कृतिक रंगों से भर दिया।

समर कैंप में शामिल बच्चों ने डांस, ग्रुप सॉन्ग, इंग्लिश सॉन्ग, कृष्णा स्टोरी आधारित प्रस्तुतियां, मंच संचालन और कला प्रदर्शनी के जरिए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। छोटे-छोटे बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया और पूरे कार्यक्रम में तालियों की गूंज बनी रही।

करीब छह वर्षों से दल्ली मॉडर्न आर्ट क्लब संस्था बच्चों को वैदिक गणित, आर्ट एंड क्राफ्ट, म्यूजिक, डांस, मेहंदी, रंगोली, स्पोकन इंग्लिश, कैलिग्राफी, कर्सिव राइटिंग और माइंड गेम्स जैसी रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दे रही है। संस्था का उद्देश्य बच्चों को मोबाइल और सोशल मीडिया की दुनिया से दूर कर उनकी रचनात्मक, बौद्धिक और कलात्मक क्षमता को निखारना है।

संस्था के डायरेक्टर विजय बोरकर ने कहा कि दल्लीराजहरा जैसे छोटे शहर में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। सही मंच और अवसर मिलने पर यहां के बच्चे जिला, राज्य और देश स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकते हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दल्ली मॉडर्न आर्ट क्लब बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार सराहनीय कार्य कर रहा है और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को हरसंभव सहयोग मिलता रहेगा।

समापन समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कार्यक्रम की जमकर सराहना की। रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास और कला के प्रति रुचि बढ़ाने का कार्य दल्ली मॉडर्न आर्ट क्लब लगातार कर रहा है, जिसकी नगर में व्यापक प्रशंसा हो रही है।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उद्योगपति परिवार को जारी किया गया नोटिस

**दुर्ग।** सुपेला पुलिस थाना में दर्ज दहेज प्रताड़ना एवं घरेलू हिंसा से जुड़े चर्चित प्रकरण में अब मामला देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच गया है। पीड़िता द्वारा दायर अपील पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने उद्योगपति परिवार एवं अन्य आरोपियों को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह के भीतर निर्धारित की गई है। पीड़िता के अधिवक्ता नीरज चौबे ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर सुपेला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 498-ए, 377, 323 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 एवं 4 के तहत अपराध दर्ज किया था। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट दुर्ग में हुई, जहां निर्णय में पति निमिष अग्रवाल को धारा 377 के तहत दोषी ठहराते हुए 9 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपए अर्थदण्ड से दंडित किया गया था। इसके अलावा ससुर सुनील अग्रवाल एवं सास रेखा अग्रवाल को धारा 323 के तहत 10-10 माह के साधारण कारावास व 1 हजार रुपए का अर्थदण्ड तथा ननद नेहा अग्रवाल को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 323 के अंतर्गत 6 माह के कारावास एवं 1 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई थी। फास्ट ट्रैक कोर्ट के निर्णय के खिलाफ ससुराली पक्ष के आरोपियों ने उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में अपील दायर की थी।

# विधायक देवेंद्र यादव ने सुनीं जनसमस्याएं अधिकारियों से समाधान के लिए की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- मूलभूत समस्याओं से विधायक को कराया अवगत



भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर निराकरण के निर्देश दिए। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोगों ने बिजली, पानी, सफाई, सड़क सहित अन्य मूलभूत समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। खुर्सीपार क्षेत्र से पहुंचे नागरिकों ने विधायक को बताया कि बस्ती के बीच से हाईटेंशन बिजली तार गुजर रहा है, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगों ने कहा कि कई बार शिकायत करने के बाद भी अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। विधायक देवेंद्र यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। वहीं जुनवानी-खम्हरिया क्षेत्र के नागरिकों ने कैनल रोड निर्माण कार्य से प्रभावित हो रहे मकान और दुकानों के मुआवजे का मुद्दा उठाया। लोगों ने बताया कि पेट्रोल पंप से लेकर आईआईटी तक कैनल रोड का निर्माण किया जा रहा है।

## पेज 11 के शेष

### बालोद में हाईटेक ...

का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षित पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल पर शीघ्र पहुंचकर नागरिकों को तत्काल सहायता एवं सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने कहा कि एक्के नंबर सबो बर 112 की व्यवस्था से आमजन को किसी भी आपात स्थिति में अलग–अलग नंबर याद रखने की आवश्यकता नहीं है। एक ही नंबर 112 डायल कर पुलिस, चिकित्सा या अन्य आपात सेवाओं की त्वरित सहायता प्राप्त की जा सकती है। यह सेवा आमजन एवं पुलिस के बीच विश्वास को और मजबूत करने का कार्य कर रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर ने कहा कि 112 के माध्यम से नागरिकों को सरल, सुलभ और त्वरित सहायता उपलब्ध कराना बालोद पुलिस की प्राथमिकता है। बालोद पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल डायल–112 पर संपर्क करें तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करते हुए सुरक्षित एवं जागरूक समाज निर्माण में सहभागी बनें।

### ऑनलाइन दवा बिक्री के ...

दल्लीराजहरा शहर में मेडिकल स्टोर्स बंद रहने के कारण कई लोगों को दवाइयों की खरीदारी में परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन अधिकांश लोगों ने दवा व्यापारियों की मांगों को स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा बताते हुए समर्थन भी दिया। शहर के दवा व्यापारियों ने एकजुट होकर ऑनलाइन दवा बिक्री और भारी छूट की नीति के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। दल्लीराजहरा दवा व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से बिना पर्याप्त निगरानी और सत्यापन के दवाइयों की बिक्री तेजी से बढ़ रही है, जिससे आम मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। उनका आरोप है कि कई ऑनलाइन कंपनियां नियमों की अनदेखी करते हुए भारी छूट देकर दवाइयों की बिक्री कर रही हैं, जिससे पारंपरिक मेडिकल व्यवसाय प्रभावित हो रहा है और स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। दल्लीराजहरा दवा विक्रेताओं ने स्पष्ट किया कि यह विरोध केवल व्यापारिक प्रतिस्पर्धा का मामला नहीं है, बल्कि जनता की सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है। उनका कहना है कि दवा कोई सामान्य वस्तु नहीं, बल्कि जीवन से जुड़ी जिम्मेदारी है। ऐसे में गलत, नकली या एक्सपायरी दवाइयों का उपयोग किसी भी मरीज के लिए घातक साबित हो सकता है। दवा व्यापारियों ने हाल ही में देश के विभिन्न हिस्सों में पकड़ी गई नकली दवाइयों के मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि दिल्ली में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी में उपयोग होने वाली नकली दवा मिलने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। यदि जीवनरक्षक दवाइयों की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगें तो यह पूरे स्वास्थ्य तंत्र के लिए बेहद चिंताजनक स्थिति है।

### बाइक की भिड़ंत...

राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में जारी है।घटना के बाद कुछ समय तक क्षेत्र में यातायात भी प्रभावित रहा। फिलहाल किसी भी पक्ष के द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

### राहुद और संजारी में आज ...

सक्रौद, भेंडरा, सिरी और तिलोदा के ग्रामीण शामिल होंगे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहुद में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के सफल आयोजन हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक गोपाल राव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुंडरदेही उमेश रात्रे और महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी खिलेश्वरी नेताम सहायक नोडल नियुक्त किया गया है। इसी तरह शासकीय हाई स्कूल संजारी में ग्राम राघोनवागांव, गहिरा नवागांव, मार्री, देवरी, सुरसुली, पसौद, परसुली, खेरथाबाजार, भरनाभाट, रानाखुज्जी, अछोली, आतरगांव, संजारी, गंजईडीह, सोरली, कोटेरा, अण्डी, आसरा, रीवागहन और धनगांव के ग्रामीण शामिल होंगे। शासकीय हाई स्कूल संजारी में आयोजित शिविर के सफल आयोजन हेतु समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम को नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा डौण्डीलोहारा के एचआर साहू को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम राहुद में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। जिसके अंतर्गत अतिरिक्त तहसीलदार कोमल सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह ग्राम संजारी में तहसीलदार मार्री बंगला प्रीतम साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप



### वृद्ध दंपत्ति के खाते से केयर टेकर ने रकम निकाली, गिरफ्तार

**भिलाई।** वृद्ध दंपत्ति के खाते से महिला केयर टेकर ने 40 हजार 85 रुपए निकालने वाली को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि 17 मई को पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत किया कि उनके वृद्ध माता-पिता की देखभाल के लिए महिला को केयर टेकर रिसाली सेक्टर निवासी स्मिता बरगटे को रखा गया था। महिला घर और बैंक से जुड़ी कई जरूरी जानकारियां भी दी गई थीं। जिससे वह वृद्ध दंपती की मदद कर सके। इसी भरोसे का फायदा उठाकर महिला ने बैंक खाते से रकम निकाल ली। परिवार को जब खाते से पैसे निकलने की जानकारी मिली तो उन्होंने बैंक ट्रांजेक्शन की जांच कराई। जांच में पता चला कि खाते से 40 हजार 85 रुपए निकाले गए हैं। नेवई पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। तकनीकी और दस्तावेजी जांच की गई। बैंक ट्रांजेक्शन और अन्य रिकॉर्ड खंगाले। जांच के दौरान आरोपी महिला का पता लगाकर उससे पूछताछ की गई। महिला ने बैंक खाते से रकम निकालने की बात स्वीकार कर ली। स्मिता बरगटे को को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल दुर्ग भेज दिया गया।

### वाहन टक्कर के बाद विवाद, तीन युवक समेत नाबालिग गिरफ्तार

**भिलाई।** वाहन टक्कर को लेकर विवाद करने वाले युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर चार को गिरफ्तार किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि विशाल मेगा मार्ट पदमनाभपुर के सामने आपस में वाहनों में टक्कर हो गया। टक्कर में विवाद हुआ और मारपीट हो गया। विशाल मेगा मार्ट के सामने आरोपी बोरसी दुर्ग निवासी लोकेश्वर साहू लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पीड़ित के बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों वाहन चालक सड़क पर गिर गए। घटना के बाद आरोपी लोकेश्वर साहू, कसारीडीह वार्ड 44 अंकित परगनिहा, बोरसी सुभाष चौक ओमप्रकाश उर्फ बप्पी देवांगन और अपचारी बालक एक राय होकर पीड़ित के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। डंडा, पत्थर से हमला कर मारपीट कर दिया। घटना में पीड़ित के सिर, आंख, कंधे में चोटें आई हैं। बीच-बचाव करने पहुंचे अन्य को भी आरोपी युवकों ने जमकर पिटा है।

## निधन

### कांति ठाकुर

**डौंडीलोहारा।** ग्राम खड़ेनाडीह बड़गांव निवासी कांति ठाकुर पति स्व. प्रकाश ठाकुर उम्र 46 वर्ष, जो कि वर्तमान में वनांचल के पूर्व माध्यमिक शाला रुपूटोला में प्रधान पाठक के रूप में पदस्थ थी, जिनका निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी।



**विरोध**

**सरकार केवल बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने में लगी : कांग्रेस**

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन, पेट्रोल पंप में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस एवं लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडीलोहारा द्वारा नगर स्थित एचपी पेट्रोल पंप में "हल्ला बोल" आंदोलन के तहत धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में आयोजित हुआ।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, किसान एवं आमजन शामिल हुए। आंदोलन में विधायक अनिला भेड़िया विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजू प्रभाकर ने किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। "महंगाई की मार नहीं चाहिए ऐसी सरकार", "तेल-गैस के बढ़े दाम, जनता हुई परेशान" जैसे नारों से पेट्रोल पंप परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण आम जनता महंगाई से परेशान है। पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने किसानों, मजदूरों, युवाओं और मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हित में आवाज उठाती रही है और आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजू प्रभाकर ने कहा कि भाजपा सरकार आम जनता की समस्याओं को नजर अंदाज कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने में लगी है, जबकि आम लोग महंगाई से त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी गांव-गांव जाकर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन तेज करेगी। प्रदर्शन में जिला पंचायत सदस्य राजा राम तारम, विधायक प्रतिनिधि गोविंद चंद्राकर, ब्लॉक महामंत्री भूपेन्द्र साहू, दामेश्वर देशमुख, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल प्रजापति, जिला महामंत्री मेघनाथ साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष विद्या शर्मा, विधायक प्रतिनिधि गोपी साहू, हस्तीमल सांखला, लोकनाथ निषाद, कल्याण गिरी, मूलचंद शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी डोमेंद्र साहसी, युवा नेता रवि साहू, मोहम्मद इशाक खान, थानसिंह रावटे, सागर तारम एवं जनपद सदस्य भूपेश नायक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

**डोंडी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडी के अध्यक्ष शिव प्रसाद बारला जी के नेतृत्व में बुधवार को बाजार चौक डौंडी में खाद्य आपूर्ति, पेट्रोल डीजल के बढ़ोतरी एवं बढ़ती महंगाई को लेकर एकदिवसीय ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन किया।



धरना प्रदर्शन में पूर्व प्रतिनिधि पियूष सोनी उपस्थित हुए और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला और खाद्य आपूर्ति पेट्रोल डीजल को लेकर डौंडी के तहसीलदार से चर्चा किया और सभी किसान भाई को समय पेट्रोल डीजल और खाद्य मिल सके। इस पर चर्चा हुआ आने वाले समय अगर किसान भाई एवं आम जनता को परेशानी होती है तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में बालोद जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कोमेश कोर्राम, सचिव कैलाश राजपूत, शंकर पिपरे, जिला पंचायत सदस्य मिथलेश नूरूटी, जनपद पंचायत सदस्य पुनीत सेन, शिवगिरी चुरेंद्र, मंडल अध्यक्ष भोज राम साहू, सुकदेव पिस्दा, पलटन भूआर्य, ब्लॉक के कोषाध्यक्ष नंद लोन्हारे, उपाध्यक्ष परस मंडावी, जयंत्री साहू, गन्नू मंडावी, महामंत्री कोमलेंद्र चंद्राकर, रविकांत देशमुख, हेमवती कुलदीप, रमिता मरकाम, सचिव परमेश्वर रावटे, हृदय राम क्वाची, सौरभ चौरका, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव खिलेंद्र भूआर्य, शोएब रजा, कैलाश ठाकुर, साहिल रजा, विक्की यादव, वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील राठौर, रेवा रावटे गैंदलाल मानकर, सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



# मूक पशु-पक्षियों पर क्रूरता रोकने प्रशासन की अपील, उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

## एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय देने की अपील भी की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन द्वारा मूक पशु–पक्षियों के साथ करूणा एवं संवेदना का भाव रखते हुए उनके संरक्षण एवं संवर्धन में सहयोग करने की अपील जारी की गई है। जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में अपील जारी करते हुए व्यापारियों एवं आम नागरिकों से दोपहिया वाहनों में मुर्गा–मुर्गियों को उल्टा लटका कर नही ले जाने तथा गाय, भैंस आदि पशुओं को चार पहिया वाहनों में ठूंस–ठूंस कर नही ले जाने, कड़ी धूप में उनसे काम नही लेने, के अलावा भूखे, प्यासे एवं बीमार पशुओं का भी परिवहन नही करने की अपील की गई है।

पशुधन विभाग जिला बालोद के उप संचालक ने बताया कि किसी भी व्यापारियों एवं आम नागरिकों के द्वारा इस प्रकार के कृत्य किए जाने पर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के अंतर्गत कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत मुर्गियों, पक्षियों को उल्टा लटकाने, पैर बांधकर बाइक पर ले जाने, उन्हें प्रताड़ित करने पर प्रथम अपराध पर आर्थिक जुर्माना तथा 03 साल के भीतर दोबारा अपराध करने पर 03 महीने तक की जेल, जुर्माना अथवा दोनों सजा का प्रावधान है। इसके साथ ही वाहनों में क्षमता से अधिक पशु को ठूंस कर भरने या इनका अवैध परिवहन करने पर वाहन मालिक और चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने के अलावा उक्त वाहन को जब्त करने का भी प्रावधान है। इसके अलावा अधिनियम के अंतर्गत कारावास एवं जुर्माने का भी प्रावधान है। इसी तरह पशुओं को भूखे, प्यासे एवं बीमार की स्थिति में रखने पर शासन द्वारा पशुओं को अपने कब्जे में लेने के साथ दोषी को जेल एवं आर्थिक दंड का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि भारतीय दण्ड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत भी मूक पशुओं को अपंग करने पर भी भारी जुर्माना एवं 05 वर्ष का कारावास का भी प्रावधान है। प्रशासन द्वारा इस संबंध में आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा गया है कि पशुओं को भी दर्द एवं पीड़ा का एहसास होता है। व्यवसायिक लाभ के लिए उनके साथ अमानवीय व्यवहार करना कानूनन जुर्म है। ऐसे मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई जुर्माना एवं जेल भी हो सकती है।

जिला प्रशासन द्वारा मुर्गियों या अन्य पशुओं को परिवहन करते समय उन्हें उचित पिंजरों या हवादार वाहनों में ही ले जाने तथा किसी भी वाहनों में उनकी निर्धारित क्षमता के अनुसार ही रखने की अपील की गई है। इसके साथ ही आम नागरिकों से कहीं भी पशुओं के साथ क्रूरता होते दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सालय या पुलिस थाने को सूचित करने की अपील की गई है। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से मूक पशु, पक्षियों पर क्रूरता रोक कर एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय देने की अपील भी की गई है।

# पंचायत कोड़िया में उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

## युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

युवा सरपंच खुमान निषाद की पहल से ग्राम पंचायत कोड़िया में उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ दुर्ग जिले में सूक्ष्म और लघु उद्योग योजना अंतर्गत जिला स्तरीय 14 दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन दुर्ग जिले मे विकास खण्ड दुर्ग के ग्राम कोड़ियां, खुर्शुल में 04 मई से 17 मई तक केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत दुर्ग जिले में जिला स्तरीय 14 दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का आयोजन पॉजिटिव मंत्रा कंसलटिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य जिले के युवाओं, महिलाओं एवं संभावित उद्यमियों को उद्यमिता के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के माध्यम से स्वरोजगार हेतु प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को एमएसएमई से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर प्रशिक्षक आशीष साहू ,महेश साहू एवं बी. निराला द्वारा उद्यमिता विकास, व्यवसाय प्रारंभ करने की प्रक्रिया, एमएसएमई पंजीकरण, तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न उद्यम प्रोत्साहन योजनाओं पर विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यवसायिक अवसरों की पहचान, आत्मनिर्भरता एवं रोजगार सृजन की दिशा में आगे बढ़ने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। विशेष रूप ग्राम पंचायत कोकड़ी सरपंच खुमान निषाद जी द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया जा रहा है जिससे ग्रामीण महिलाओं, युवा को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। आयोजकों के अनुसार इस प्रकार के कार्यक्रम जिले में उद्यमिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



# डौण्डीलोहारा में भारतीय बौद्ध महासभा परिक्षेत्र शाखा का त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न

**डौण्डीलोहारा।** रविवार 17 मई 2026 को भारतीय बौद्ध महासभा परिक्षेत्र शाखा डौण्डीलोहारा का त्रिवार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया में समाज के वरिष्ठजनों एवं सदस्यों की उपस्थिति रही। चुनाव उपरांत नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद हेतु आयु बली रामटेके, सचिव पद हेतु चंद्रपाल भीम बोले तथा कोषाध्यक्ष पद हेतु आयु प्रीतम मेश्राम को चयनित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पूर्व समिति के सदस्यों एवं समाजजनों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर परिक्षेत्र के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता आयु रमेश गजभिए को भी समिति की ओर से विशेष रूप से बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। उन्होंने अपनी दानशीलता एवं समाजसेवा की भावना का परिचय देते हुए परिक्षेत्रीय समिति को 100 नग थाली-कांकरी दान स्वरूप प्रदान किया। उनके इस सहयोग की समाजजनों ने सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी कदम बताया।

कार्यक्रम के दौरान समाज की एकता, संगठन एवं सामाजिक उत्थान को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित लोगों ने नई समिति से समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की।



# लौह अयस्क समूह के ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

■ दल्लीराजहरा में खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

लौह अयस्क समूह दल्लीराजहरा के मानव संसाधन विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ क्रिकेट ग्राउंड दल्लीराजहरा में उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना के साथ हुआ। समारोह में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अधिकारियों और अभिभावकों की मौजूदगी ने पूरे वातावरण को खेलमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के साथ हुई।

समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक आर.बी. गहरवार ने क्रिकेट बैटिंग कर शिविर का औपचारिक शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व निर्माण का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों से मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। साथ ही अनुभवी प्रशिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन मिलने पर प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकती हैं।

मानव संसाधन विभाग की ओर से बताया गया कि वर्ष 1971 से लगातार आयोजित हो रहा यह ऐतिहासिक खेल शिविर दल्लीराजहरा की समृद्ध खेल परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस शिविर ने वर्षों से अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तराशने का कार्य किया है और आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बना हुआ है।

इस वर्ष शिविर में 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाएँ हिस्सा ले रहे हैं। शिविर में फुटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, पावरलिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग, बॉक्सिंग तथा जूडो-कराटे सहित 10 खेल विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। राष्ट्रीय एवं अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खिलाड़ी तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि शिविर का उद्देश्य केवल खेल सिखाना नहीं, बल्कि बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच विकसित करना है। खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों से संबंधित खेल सामग्री भी वितरित की गई, जिससे बच्चों का उत्साह और बढ़ गया।

समारोह में लौह अयस्क समूह राजहरा खदान एवं मानव संसाधन विभाग के अधिकारी, ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि, खेल प्रशिक्षक तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी और अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम पारकर एवं एमडी चन्द्राकर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन राजेश कुमार पांडेय द्वारा किया गया।







**अब ग्राहकों और व्यापारियों को लेन-देन में परेशानी नहीं होगी**

# डौंडी में सिक्कों की किल्लत दूर, व्यापारियों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

डौंडी। लंबे समय से सिक्कों की कमी से जूझ रहे डौंडी के व्यापारियों को आखिरकार राहत मिल गई है। एकता व्यापारी संघ और डौंडी व्यापारी संघ के संयुक्त प्रयासों से एस बी आई की डौंडी शाखा में सिक्कों की खेप पहुंची, जिसके बाद स्थानीय व्यापारियों के बीच सिक्कों का वितरण किया गया।

**खुल्ले पैसों की कमी से बढ़ी थी परेशानी:** पिछले कई महीनों से डौंडी बाजार में 1, 2, 5 और 10 रुपये के सिक्कों की भारी कमी बनी हुई थी। ग्राहकों को खुले पैसे नहीं मिलने के कारण दुकानदारों को टॉफी और चॉकलेट देकर हिसाब करना पड़ रहा था। इस समस्या से छोटे दुकानदारों और ठेला व्यवसायियों को सबसे अधिक परेशानी हो रही थी।

### व्यापारी संघों ने उठाई पहल

समस्या के समाधान के लिए दोनों व्यापारी संघों ने मिलकर एसबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय एवं लीड बैंक मैनेजर को ज्ञापन सौंपा। साथ ही लगातार बैंक अधिकारियों से संपर्क कर सिक्कों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की गई।

**बैंक में पहुंची सिक्कों की खेप:** व्यापारियों के प्रयासों के बाद एसबीआई डौंडी शाखा में सिक्कों की खेप मंगवाई गई। सिक्के मिलने के बाद डौंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष तिलक दुबे और एकता व्यापारी संघ के अध्यक्ष ओम गोलछा ने कहा कि संयुक्त प्रयास से बाजार की बड़ी समस्या का समाधान हुआ है। अब ग्राहकों और व्यापारियों को लेन-देन में परेशानी नहीं होगी। व्यापारी संघ ने बैंक प्रबंधन एवं सहयोग करने वाले सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त किया। बैंक परिसर एवं बाजार क्षेत्र में संघ के पदाधिकारी नंद लोंहरे और कमलेश गुणधर की मौजूदगी में जरूरत के अनुसार व्यापारियों को सिक्कों का वितरण किया गया।



SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### गांवों में जागरूकता और सेवा गतिविधियों का आयोजन

**बालोद।** जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत धरती आबा में चयनित ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड डौण्डी के 10 गांव बालोद विकासखण्ड के 02 गांव तथा डौण्डीलोहारा विकाखण्ड के 15 गांवों में गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान शासकीय एवं गैर शासकीय संगठनों द्वारा पैदल यात्र का आयोजन कर गांव की वास्तविक स्थिति का अवलोकन करते हुए जागरुकता फैलाने के साथ–साथ वृक्षारोपण का भी कार्य किया गया। बालोद विकासखण्ड के ग्राम करहीभदर में शासन की महत्वाकांक्षी एवं जनहितैषी कार्यक्रम 'सुशासन तिहार' के तहत जनसमस्या शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 13 आयुष्मान कार्ड, 12 जॉब कार्ड तथा प्रधानमंत्री आवास हेतु प्राप्त 1502 आवेदनों का निराकरण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को जनजातीय गरिमा उत्सव के इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम ओर योजनाओं के बारे में ट्रांजेक्ट वॉक के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा जिले में सुशासन तिहार के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर और विभिन्न लाभार्थी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिससे किसी भी ग्रामीण को एक ही जगह सारी सुविधाएं उपलब्ध कराया जा सके।

### चादर बेचने वाले चोरों से 60 लाख का सोना जब्त



**भिलाई।** अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश पुलिस ने किया है। खुलासा करते हुए एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि शालीमार गार्डन मेरठ निवासी हासीम खान और शिवालकास, मेरठ सलीम को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी शहर में चादर बेचने के बहाने कॉलोनियों में घूमते, सुनसान मकानों की रेकी करते और कुछ ही मिनटों में चोरी कर फरार हो जाते थे। घटना सुपेला थाना क्षेत्र का है। आरोपी सलीम ज्वेलर्स का संचालन करता था और चोरी का सोना खरीदता था। चोरी का सोना गलाकर बिस्कीट बना देता था। आरोपियों को पकड़ने अलग-अलग क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। नेहरू नगर, कोसा नाला, पावर हाउस, चरोदा, कुम्हारी टोल प्लाजा से लेकर रायपुर के जय स्तंभ चौक, मौदहापारा तक संदिग्धो की गतिविधियों को ट्रैक किया गया। फुटेज जोड़ने के बाद पुलिस को दोनों की जानकारी हो पाई। टीम ने कड़ियां जोड़कर बिलासपुर से लेकर भोपाल, उसके बाद उत्तर प्रदेश के मेरठ तक पहुंच गई। आरोपी रायपुर के मौदहापारा इलाके में किराए के मकान में निवास करते थे। मकान मालिक को उन्होंने खुद को चादर बेचने वाला व्यापारी बताया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से 400 ग्राम सोना जब्त किया है। जिसकी कीमत 60 लाख रुपए है। नगदी 3.50 लाख रुपए जब्त किया है। सामनों की कुल कीमत 63.50 लाख रुपए आंकी गई है। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, निरीक्षक विजय यादव मौजूद थे।

## आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया: जस बेला







अंडा। ग्राम चिंगरी में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने पूरे उत्साह और मेहनत के साथ भाग लिया। लगभग चार माह तक चली इस ट्रेनिंग में ग्राम की 20 महिलाओं ने नियमित रूप से समय देकर विभिन्न कार्यों का प्रशिक्षण प्राप्त किया और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। कार्यक्रम में उप संचालक राजू कोलहे एवं डोमन लाल देवागन का विशेष मार्गदर्शन मिला। वहीं सोसाइटी अध्यक्ष यमुना निषाद ने भी महिलाओं को लगातार प्रोत्साहित किया। जनपद सदस्य बेला यादव का भी कार्यक्रम में सहयोग रहा। इसके अलावा जय मां चंडी बुनकर समिति की सदस्यों ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया। महिलाओं ने कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें नया अनुभव मिला है और अब वे स्वरोजगार के माध्यम से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का प्रयास करेंगी। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम गांव की महिलाओं को आगे बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### आयोजन : संगठन विस्तार और डिजिटल साक्षरता पर जोर

# भाजपा के दो दिनी जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन कार्यकर्ताओं को मिला संगठनात्मक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के द्वितीय दिवस का सत्र प्रातः योग एवं प्रार्थना के साथ प्रारंभ हुई। सर्वप्रथम मां भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्रें पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया।

दिन भर आयोजित विभिन्न सत्रें में वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान किया। द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने अपनी सरकारों की गरीब कल्याण योजनाएं एवं उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका" विषय पर प्रशिक्षण दिया।

द्वितीय सत्र में प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने मीडिया प्रबंधन विषय पर कार्यकर्ताओं को जानकारी प्रदान की। तृतीय सत्र में आईटी सेल के प्रदेश सहसंयोजक प्रमोद सिंह ने स्थायी कार्यक्रम, बूथ प्रबंधन, मन की बात एवं आईटी सेल विषय पर प्रशिक्षण दिया। चतुर्थ सत्र में सोशल मीडिया के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य योगेश साहू ने सोशल मीडिया का उपयोग, नई तकनीक एआई, प्रभावी सूचना तंत्र एवं संगठन के सकारात्मक परसेप्शन निर्माण" विषय पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया।






पंचम सत्र में ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने कार्य विस्तार विषय पर जानकारी साझा की। अंतिम सत्र में प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी शिरीष अग्रवाल ने लाभार्थी संपर्क, सोशल मीडिया, आईटी सेल, एआई मातृशक्ति समूह, कार्यालय एवं कोष प्रबंधन, मीडिया प्रबंधन एवं विमर्श नैरेटिव" विषयों पर प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण वर्ग में डिजिटल साक्षरता एवं मूल्यांकन प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया। प्रतिभागियों को अंत में डिजिटल सर्टिफिकेट वितरित किए गए तथा जिला परीक्षा प्रमुखों द्वारा मूल्यांकन प्रक्रिया भी अपनाई गई, ताकि कार्यकर्ताओं के सीखने के स्तर का आकलन सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के इतिहास एवं विकास यात्र को चित्रें के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। पूरे प्रशिक्षण वर्ग का संचालन जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव द्वारा किया गया। यह दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग था, जिसमें कुल 11 सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम के समापन पर आगामी चुनाव एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर रणनीति पर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षण वर्ग में युवा कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने एवं समाज सेवा के कायोंर् में भाग लेने का संकल्प लिया। महिला कार्यकर्ताओं ने संगठन विस्तार एवं सामाजिक जागरूकता अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र, संगठन एवं समाज सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। अंत में जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

■ खेल-खेल में गई युवक की जान

समीप के ग्राम बड़गांव के आश्रित ग्राम खड़ेनाडीह में मंगलवार को तालाब में नहाने के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। मृतक की पहचान 21 वर्षीय हेमंत निर्मलकर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे हेमंत अपने पांच अन्य साथियों के साथ गांव के तालाब में नहाने गया था।

सभी युवक तालाब किनारे पीपल पेड़ के पास कपड़े उतारकर नहाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान साथियों में तालाब के एक छोर से दूसरे छोर तक तैरकर जाने की बात हुई। इसके बाद सभी युवक तालाब के उस पार पैदल गए और वहां से इस पार आने के लिए पानी में छलांग लगा दी। बताया गया कि हेमंत के साथ गए पांचों साथी तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए, लेकिन हेमंत पानी में डूब गया और बाहर नहीं निकल सका। कुछ देर तक इंतजार करने के बाद साथी घर लौट आए। मृतक के साथ मौजूद युवकों में उसका एक नाबालिग भांजा भी शामिल था। चूंकि हेमंत के पिता कौशल निर्मलकर काम के सिलसिले में रायपुर में रहते हैं और घर पर हेमंत व उसका भांजा ही साथ रहते थे, इसलिए घटना की जानकारी तत्काल किसी को नहीं मिल सकी। बाद में साथियों में से एक ने गांव में जाकर घटना की सूचना दी, जिसके बाद कोटवार के माध्यम से पुलिस को खबर दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुनील तिर्की के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

गांव के मछुआरों की मदद से तालाब में जाल डालकर तलाश की गई, जिसमें हेमंत का शव बरामद हुआ। घटना की जानकारी मृतक के पिता को भी दी गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## निको माइनिंग कंपनी ने स्कूल और आश्रम को दिए विंडो कूलर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा

निको माइनिंग कंपनी प्रा. लि. गिधाली ने अपने नियमित सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए आदिवासी कन्या आश्रम कुसुमकसा में चार विंडो कूलर संजय बैस की मांग पर कंपनी प्रबंधन द्वारा प्रदान किया गया ,इसी प्रकार यशराम राणा सरपंच ग्राम पंचायत चिपरा के निवेदन पर शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला चिपरा में तीन विंडो कूलर प्रदाय किया गया।

निको माइनिंग कंपनी अपने सीएसआर क्षेत्र में शिक्षा,स्वास्थ्य व पर्यावरण के साथ साथ सामाजिक उत्थान के लिए सतत प्रयास करती है। कन्या आश्रम की अधीछिका कामिनी पटेल ने कूलर प्रदान करने के लिए निको माइनिंग का धन्यवाद ज्ञापित किए।

इस अवसर पर संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य, वेदबाईं पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा, नितिन जैन उपसरपंच ,संतोष जैन ,पंकज जेठवानी ,शमशेर खान , पुष्पजीत बैस, निको माइनिंग कंपनी के महाप्रबंधक ललित दरवलकर उपमहाप्रबंधक कुमार राजीव के दिशा निर्देश पर सहायक महाप्रबंधक आर पी देवांगन, शशांक तिवारी सिविल इंजीनियर, सीएसआर अधिकारी कुशल ठाकुर उपस्थित थे।

### ग्राम आमटी में रोजगार एवं आवास दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम आमटी में रविवार को ग्राम पंचायत स्तर पर रोजगार एवं आवास दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा रोजगार और आवास से संबंधित समस्याओं एवं आवश्यकताओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी ने ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने की बात कही गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को रोजगार एवं आवास योजनाओं से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में मोहन लाल, देवकुमार साहू, जामवंत देशमुख, कुमार पटेल, टोपलाल निषाद, प्रेमनाथ निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा किए। ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को ग्रामीणों के लिए उपयोगी एवं जागरूकता बढ़ाने वाला बताया गया।

## श्री सीताराम बाल संस्कार केंद्र बच्चों में जगा रहा राष्ट्रभक्ति और सनातन संस्कृति के संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ बच्चों को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का प्रयास, प्रतियोगिताओं से बढ़ रहा आत्मविश्वास

श्री सीताराम बाल संस्कार केंद्र बच्चो को संस्कारवान बनाते हुए बच्चों में राष्ट्रभक्ति, सनातन संस्कृति और सेवा भाव का निर्माण करने का कार्य कर रही है। नगर में पिछले 4 वर्षों से अभियान निरंतर चल रहा है, जो आने वाली पीढ़ी को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति की अमूल्य सीख दे रहा है। पूजा जैन के मार्गदर्शन में संचालित श्री सीताराम बाल संस्कार केंद्र बच्चों और युवाओं के जीवन में आध्यात्मिक जागृति और नैतिक मूल्यों का निर्माण कर रहा है।



विश्व हिन्दु परिषद जिला बाल संस्कार केंद्र प्रमुख पूजा जैन द्वारा हर रविवार को बालोद नगर के मोखला मांझी मंदिर एवं प्रत्येक मंगलवार को कपिलेश्वर मंदिर प्रांगण में बच्चों और युवाओं द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ, भक्ति, आरती और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होने कहा आज जब आधुनिकता की दौड़ में बच्चे मोबाइल और आभासी दुनिया में खोते जा रहे हैं, ऐसे समय में श्री सीताराम बाल संस्कार केंद्र उन्हें धर्म, संस्कृति, सेवा और राष्ट्रभक्ति से जोड़ने का कार्य कर रहा है। यहां बच्चों को केवल धार्मिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि सेवा, सुरक्षा, संस्कार और समाज निर्माण का महत्व भी सिखाया जाता है। समय–समय पर बच्चों को आरती पुस्तक, धर्म ध्वजा और श्रीमद्भगवद्गीता का वितरण कर उन्हें भारतीय संस्कृति की जड़ों से जोड़ा जाता है। इसके साथ ही वर्षभर धार्मिक त्योहारों को बच्चों और युवाओं के साथ मिलकर उत्साहपूर्वक मनाया जाता है। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सांस्कृतिक चेतना विकसित की जा रही है। यह प्रयास केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आने वाले भारत के संस्कारित और सशक्त नागरिकों के निर्माण का अभियान बन चुका है।

पूजा जैन ने कहा कि आज के बच्चे कल देश और समाज का भविष्य बनेंगे। यदि बचपन में उन्हें धर्म, संस्कार और राष्ट्रसेवा की शिक्षा मिलेगी, तो आने वाला भारत और अधिक मजबूत एवं संस्कारित बनेगा। इस कार्य में मोखाला मांझी मंदिर समिति की मातृ शक्तियों एवं बाल मंदिर की अध्यापिका रानी योगी का भी निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है। इनके सहयोग और समर्पण से यह संस्कार केंद्र बच्चों के लिए प्रेरणा का केंद्र बन चुका है।

सनातन धर्म केवल पूजा–पाठ का मार्ग नहीं, बल्कि मानवता, सेवा, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का जीवन दर्शन है। "श्री सीताराम बाल संस्कार केंद्र" उसी सनातन चेतना को नई पीढ़ी के हृदय में जागृत कर रहा है। यह प्रयास समाज के लिए एक प्रेरणा है कि यदि बच्चों को सही संस्कार मिलें, तो वही बच्चे आगे चलकर राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव बनते हैं।

### पानी बोतल, गमछा और नाश्ता प्रदान कर सफाई कर्मियों को किया सम्मानित

**भिलाई।** सर्वधर्म सेवा संस्था, भिलाई द्वारा संचालित सफाई मित्र आभार पखवाड़ा के अंतर्गत मंदलवार दोपहर 1 बजे वार्ड 69 और 70 के सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पार्षद शिजु एंथोनी और पूर्व नेता प्रतिपक्ष संजय दानी ने सफाई कर्मियों को पानी की बोतल, गमछा और नाश्ता प्रदान कर उनका सम्मान व आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### मानवता और सेवा का अभियान, मरीजों को दिया सकारात्मक सोच का संदेश

## आर्ट ऑफ गिविंग स्थापना दिवस पर अस्पताल में सेवा कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

आर्ट ऑफ गिविंग के 13वें अंतर्राष्ट्रीय स्थापना दिवस के अवसर पर अस्पताल में सेवा, सहयोग एवं मानवता से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित इस सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंदों के बीच प्रेम, सहयोग और अपनापन बांटना रहा। जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लेकर मानव सेवा का संदेश दिया।




कार्यक्रम के दौरान अस्पताल में भर्ती लगभग 200 मरीजों एवं उनके परिजनों को फल, कोल्ड ड्रीक एवं बिस्किट वितरित किए गए। स्वयंसेवकों ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना तथा उन्हें सकारात्मक सोच के साथ जल्द स्वस्थ होने की कामना की। लोगों ने कहा कि ऐसे सेवा कार्यों से उन्हें आत्मीयता, सहयोग और अपनापन महसूस होता है।

इस अवसर पर कोरिया जिला समन्वयक चेतन सिन्हा ने कहा कि आर्ट ऑफ गिविंग केवल वस्तुएं बांटने का अभियान नहीं, बल्कि यह मानवता, प्रेम और सेवा की भावना को समाज में मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि डॉ. अच्युत सामंत द्वारा शुरू किया गया यह अभियान आज देश–विदेश में लाखों लोगों को निःस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए, छोटी–सी मदद भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है। अस्पताल में भर्ती मरीज शारीरिक पीड़ा के साथ मानसिक तनाव से भी गुजरते हैं। ऐसे समय में यदि उन्हें प्रेम, सहयोग और संवेदना मिलती है तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें मानसिक संबल प्राप्त होता है। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने मरीजों को सकारात्मक सोच, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में शबाना बेगम, यशवंत टंडन, सूरज नागवंशी, देवेंद्र ठाकुर एवं अजय उपस्थित रहे।

वहीं निःस्वार्थ भाव गौ सेवा समिति के अमर, कृष नायक, तनमय, अखिलेश एवं आदित्य ने भी चेतन सिन्हा के साथ मिलकर श्रमदान किया तथा मरीजों के बीच फल एवं खाद्य सामग्री वितरित कर सेवा कार्य में भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों एवं उपस्थित लोगों ने समाज सेवा और मानवता के कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

